कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र./ GENS-21/2922/2026-STENO SEC भिलाई, दिनांक 11/06/2026

// आदेश //

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से प्राप्त होने वाले नागरिकों के आवेदन, शिकायतों एवं मांगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण, विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने तथा पोर्टल पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के निम्नानुसार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है :–

क्र.	नाम व पदनाम	दायित्व
1.	श्री राजेन्द्र कुमार दोहरे, अपर आयुक्त	नोडल अधिकारी
2.	श्री दिनेश कुमार कोसरिया, उपायुक्त/जोन आयुक्त, जोन–01	सहायक नोडल अधिकारी
3.	श्रीमती येशा लहरे, जोन आयुक्त, जोन–02	सहायक नोडल अधिकारी
4.	श्री के.के. गुप्ता, जोन आयुक्त, जोन–03	सहायक नोडल अधिकारी
5.	श्री अमरनाथ दुबे, जोन आयुक्त, जोन–04	सहायक नोडल अधिकारी
6.	श्री अजय सिंह गौर, जोन आयुक्त, जोन–05	सहायक नोडल अधिकारी
7.	श्री जावेद अली, स्वास्थ्य अधिकारी	सहायक नोडल अधिकारी (स्वच्छता संबंधित)

नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी के रूप में उनके दायित्व निम्नानुसार होंगेः–

1. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पोर्टल पर प्राप्त समस्त आवेदन/शिकायतों की नियमित समीक्षा करना।
2. संबंधित शाखा/विभाग को प्रकरण प्रेषित कर समय–सीमा में त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना।
3. लंबित प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग कर विलंब होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करना।
4. पोर्टल पर निर्धारित समय–सीमा के भीतर तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्तर अपलोड कराना।
5. उच्च कार्यालय, शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना।
6. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से संबंधित मासिक, साप्ताहिक एवं अन्य आवश्यक प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करना।
7. निगम स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। संबंधित समस्त अधिकारी/कर्मचारी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के प्रकरणों के निराकरण में नोडल अधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

Digitally signed by
RAJEEV KUMAR PANDEY
Date: 12-06-2026
12:42:58

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./ GENS-21/2922/2026-STENO SEC भिलाई, दिनांक 11/06/2026

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/सभापति महोदय, नगरपालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता I/II, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. उपायुक्त, I/II, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. जोन आयुक्त, जोन–1,2,3,4 व 5, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 व 5/जलकार्य/स्वास्थ्य/कम्प्यूटर/विद्युत/भवन संधारण/स्टोर, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
8. स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
9. सर्व संबंधित श्री/विभाग प्रमुख .... नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
10. अधीक्षक, स्थापना, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
11. तकनीकी सहायक, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम भिलाई को विभागीय वेबसाइट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई